

पार्किंग स्थल की नालियां, जिन्हें कैचबेसिन अथवा वर्षा जल निकास नालियां भी कहा जाता हैं, जल मार्गों से जुड़ी होती हैं।



वर्षा जल निकास नालियों के चिह्नक हमें याद दिलाते हैं कि हम सब अपने आसपास के पर्यावरण से जुड़े हुए हैं।

# ऑटो रिपेयर और बॉडी शॉप

वर्षा जल को दूषित होने से बचाकर
अपने जलीय पर्यावरण का संरक्षण करें

## संदूषकों के फैलाव की रोकथाम

संदूषक–फैलाव की रोकथाम हेतु अपनी दुकान साफ–सुथरी और व्यवस्थित रखें:

- एक संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया योजना तैयार करें जिसमें एक संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया किट शामिल हो, जो आपके केंद्र पर प्रयोग किए जाने वाले उत्पादों और वहां पैदा होने वाले अपषिष्टों के लिए उपयुक्त अवषोषण सामग्री से लैस हो। अपने कर्मचारियों को संदूषक–फैलाव प्रतिक्रिया योजना का पालन करने के लिए प्रषिक्षित करें।
- ऑटोमोटिव तरल पदार्थों अथवा अन्य खतरनाक सामग्रियों को तत्काल साफ कर देना चाहिए अथवा सीमित कर देना चाहिए ताकि उन्हें वर्षा जल निकास प्रणाली में जाने से रोका जा सकें।

पर्यावरण में दुर्घटनावष किसी संदूषक–फैलाव होने की स्थिति में तत्काल **प्रोविन्षियल इमरजेंसी प्रोग्राम** (PEP) से 1.800.663.3456 पर सम्पर्क करें। यदि वह रसायन ज्वलनषील है, विषाक्त है, क्षयकारी है अथवा अन्य खतरनाक विषेषताओं वाला है तो **सरी फायर डिपार्टमेंट** से तत्काल **911** पर सम्पर्क करें।

वर्षा जल निकास प्रणाली को दूषित करने के लिए जिम्मेवार किसी भी व्यक्ति को निम्नलिखित पर्यावरणीय कानूनों के अन्तर्गत उत्तरदायी ठहराया जा सकता है:

- फेडरल फिषरीज एक्ट
- BC हैजर्डस वेस्ट रेग्यूलेषन
- BC इन्वाइरन्मेन्टल मैनेजमेंट एक्ट
- सरी बाई–लॉ नं. 16610

## अधिक जानकारी के लिए

RCBC रीसाइकलिंग हॉटलाइन
**604.732.9253**

सिटी ऑफ सरी, प्लम्बिंग सेक्षन
**604.591.4245**

सिटी ऑफ सरी
ड्रेनेज एण्ड इन्वाइरन्मेन्ट सेक्षन
**604.591.4321**

मैट्रो वैंकूवर
सोर्स कंट्रोल
**604.436.6777**

सरी फायर डिपार्टमेंट
**604.543.6760**

यूज्ड ऑयल मैनेजमेंट एसोसिएषन
**www.usedoilrecycling.com**

यदि आप किसी वर्षा जल निकास नाली में कोई संदूषक–फैलाव अथवा रसायन धुलते हुए देखें तो कृपया सिटी ऑफ सरी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से **604.590.7226** पर संपर्क करें, सायं 4:30 बजे के बाद **604.591.4431** पर।

www.surrey.ca

CITY OF SURREY



## क्या आप जानते हैं? अपषिष्ट मोटर तेल की एक बूंद एक पूरे भरे हुए स्विमिंग पूल के बराबर पानी को संदूषित कर सकती है।

सरी में 1500 किमी. से भी अधिक खुली संकरी खाड़ियां और जल धाराएं हैं। ये संकरी खाड़ियां जलमार्गों का एक महत्वपूर्ण नेटवर्क बनाती हैं, जो सैमन मछली, ट्राउट और अन्य जलीय जीवों के लिए प्राकृतिक वास स्थल प्रदान करते हैं।






## ऑटोमोटिव सर्विस एवं रिपेयर

ऑटोमोटिव सर्विस और रिपेयर सुविधाओं को वर्षा जल प्रदूषण के "हॉट स्पॉट" के रूप में जाना जाता है, जहां पर बहुत मात्रा में हाइड्रोकार्बन्स, ट्रेस मैटल और अन्य प्रदूषक वर्षा जल बहाव के साथ मिल सकते हैं। वर्षा जल का बहाव, वर्षा जल निकास प्रणाली के कैच बेसिन द्वारा एकत्र कर लिया जाता है और फिर मछलियों से युक्त जल मार्गों में पहुंचा दिया जाता है। मछलियां और अन्य जलीय जीव प्रदूषण के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। यह अत्यन्त आवष्यक है कि संदूषकों को वर्षा जल निकास प्रणाली में प्रवेष करने से रोकने और हमारी जल धाराओं और संकरी खाड़ियों को प्रदूषित होने से बचाने के हर संभव प्रयास किए जाएं। ऑटोमाबाइल रखरखाव स्थलों पर अथवा लोगों द्वारा घर पर अपनी कार का स्वयं रखरखाव करने के परिणामस्वरूप पैदा होने वाले प्रदूषकों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- विलायक (पेंट एवं पेंट थिनर्स)
- एंटीफ्रीज
- ब्रेक द्रव और ब्रेक डक्ट
- बैटरियां
- मोटर ऑयल
- ईंधन (गैसोलीन, डीजल, केरोसीन)
- ल्यूब्रिकेटिंग ग्रीस

## श्रेष्ठ प्रबंधन कार्यप्रणालियां

प्रदूषकों को वर्षा जल निकास प्रणाली में, और वहां से होते हुए अंततः हमारी जलधाराओं और संकरी खाड़ियों में प्रवेष करने से रोकने के लिए कृपया निम्नलिखित कार्यप्रणालियों का पालन करें:

- अपषिष्ट जल, जैसे कि रेडियेटर की धुलाई, भाप द्वारा सफाई, इंजन की शैंपू द्वारा धुलाई, पुर्जों की धुलाई, कॉस्टिक सफाई कार्यों में प्रयुक्त जल को एक स्वीकृत सेनेटरी सीवर कनेक्षन में निपटाया जाना चाहिए अथवा ये काम ऐसी जगहों पर किए जाने चाहिए जहां पर उपयुक्त नियंत्रण सुविधा हो और वर्षा जल निकास प्रणाली में फैलने का कोई खतरा न हो।
- सभी ऑटोमोटिव द्रवों, पेंटों और सॉल्वेंट्स का हर हाल में उचित रूप से पुनर्चक्रण किया जाना चाहिए और/अथवा इन्हें किसी स्वीकृत निपटान अथवा पुनर्चक्रण कंपनी द्वारा निपटाया जाना चाहिए।
- ऑयल फिल्टरों को सुखाकर पुनर्चक्रण के लिए अलग संभालना चाहिए।
- आंतरिक नालियों से सेनेटरी सीवर सिस्टम का स्वीकृत कनेक्षन आवष्यक तौर पर होना चाहिए।
- आपके स्थल पर खड़े किसी भी वाहन से रिस रहे द्रव को एकत्र करने के लिए उसके नीचे कोई पात्र रखा जाना चाहिए। एकत्र किए गए द्रव को उचित निपटान अथवा पुनर्चक्रण के लिए किसी उपयुक्त अपषिष्ट पात्र में निपटाना चाहिए। नए अथवा अपषिष्ट ऑटोमोटिव द्रव, सॉल्वेंट, पेंट, क्लीनर्स, डीऑडोराइजर्स, एसिड और कॉस्टिक के पात्रों को किसी सुरक्षित जगह पर संभाला जाना चाहिए। इनके लिए कर्ब या बंध बनाने और एक छत की आवष्यकता हो सकती है। संभालने संबंधी अपेक्षाओं के लिए सरी फायर डिपार्टमेंट से मालूम करें।
- वाहनों, औज़ारों और उपकरणों को ऐसी जगहों पर नहीं धोया जाना चाहिए जहां से अपषिष्ट जल वर्षा जल निकास प्रणाली में प्रवेष कर सकता हो। धुलाई किसी निर्धारित वॉस पैड पर ही करें जो धुलाई के पानी को सेनेटरी सीवर में बहाने से पूर्व किसी ऑयल इंटरसेप्टर से जुड़ा हो अथवा धुलाई के पानी को सीधे किसी अलग–थलग हौदी या पानी रोके रखने वाले टैंक में ले जाता हो ताकि निपटान कंपनी उसे हटा सके। इसके लिए मैट्रो वैंकुअर से अपषिष्ट बहिःस्राव परमिट प्राप्त करने की आवष्यकता होगी।
- पार्किंग क्षेत्र और अपने कार्य स्थल में फैली गंदगी और मलबे को फ्लष कर धोकर कैच बेसिन में बहाने के बजाए झाड़ू से साफ करें।
- सुनिष्चित करें कि सभी कर्मचारियों को वर्षा जल निकास प्रणाली के संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी हो।